दिनांक–24.07.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- केन्द्रीय बजट में रोजगार, कौशल प्रशिक्षण और मध्यम वर्ग पर खास जोर।
- बजट में प्रदेश को संरचनात्मक विकास सहित मिली कई सौगातें।
- प्रदेश में नदियों, बांध और तालाबों जल स्तर बढ़ा, कई जगह खोले गए गेट।
- महिला एशिया कप क्रिकेट में भारत ने नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में जगह की पक्की।

केन्द्रीय बजट–वित्तमंत्री

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने लोकसभा में वर्ष 2024–25 का आम बजट कल पेश किया। बजट में रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एम एस एम ई और मध्याम वर्ग पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। वित्त मंत्री ने रोजगार, कौशल प्रशिक्षण और अन्य अवसरों की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री की पांच योजनाओं और पहल के पैकेज की घोषणा की।

रोजगार सम्बद्ध प्रोत्साहन के लिए तीन योजनाएं लागू की जाएंगी। कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लिए पांच वर्षों में हब और स्कोप व्यवस्था में एक हजार आई टी आई का उन्नयन किया जाएगा। इससे बीस लाख छात्रों के लाभान्वित होने की आशा है। वित्त मंत्री ने कहा कि शीर्ष कम्पनियों में इंटर्नशिप कार्यक्रम कें अंतर्गत एक करोड युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। पांच हजार रुपये के मासिक वेतन के साथ 12 महीने की प्रधानमंत्री इंटर्नशिप लागू की जाएगी।

बजट में व्यक्तिगत आयकर दरों में नई कर व्यवस्था का विकल्प चुनने वालों वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए मानक कटौती को 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 75 हजार रुपए कर दी गयी है। पेंशनभोगियों के लिए पारिवारिक पेंशन पर कटौती को 15 हजार रुपए से बढ़ाकर 25 हजार रुपए करने का प्रस्ताव है।

ग्रामीण बुनियादी ढांचा सहित समग्र ग्रामीण विकास के लिए दो लाख 66 हजार करोड रुपये का प्रावधान किया गया है। बजट में मोबाइल, प्रिंटेड सर्किट बोर्ड असेम्बली और मोबाइल चार्जर पर कस्टम डयूटी को घटाकर 15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया है। कैंसर रोगियों को राहत प्रदान करने के लिए तीन और दवाइयों को सीमा शुल्क से पूर्ण छूट दिए जाने का प्रस्ताव है। सोने और चाँदी पर सीमा शुल्क को घटाकर 6 प्रतिशत करने तथा प्लेटिनम पर सीमा शुल्क को घटाकर 6 दशमलव 4 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यह बजट विकसित भारत के लिए है जो चहुमुखी विकास सुनिश्चित करता है।

प्रदेश बजट

प्रदेश को केन्द्रीय बजट में संरचनात्मक विकास के लिए करीब 10 हजार करोड़ रु. मिले हैं। इस राशि से इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और सागर में रिंग रोड बनाए जाएंगे। साथ ही उज्जैन में रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर तक रोप–वे बनाने की घोषणा हुई है। यह रोप–वे श्रद्धालुओं को सिर्फ 7 मिनट में स्टेशन से मंदिर तक पहुंचा देगा। 100 करोड़ के इस प्रोजेक्ट के लिए केंद्र सरकार ने 50 करोड़ रु. दिए है। प्रदेश को इस विट्टी वर्ष में केंद्र सरकार से 97 हजार 906 करोड़ रुपए मिल रहे हैं जो पिछले साल की तुलना में 11 हजार 204 करोड़ रुपये ज्यादा है.

शिक्षा मंत्री–नीट

शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने नीट मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है और कहा है कि अंत में सत्य सामने आया है। शीर्ष न्यायालय के फैसले पर मीडिया को संबोधित करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार पारदर्शी, हेराफेरी मुक्त और शून्य त्रुटि वाली परीक्षा प्रणाली के प्रति वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को दोषमुक्त संगठन बनाने के प्रति भी समर्पित है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नीट घोटाले में शामिल दोषियों को बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा एजेंसी को पूरी तरह दुरुस्त करने के लिए उच्च स्तरीय समिति बनाई गई है और समिति ने विशेषज्ञों की राय एकत्र की है तथा विभिन्न मॉडलों का अध्ययन किया है।

कोयम्बटूर–निवेशक सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल कोयम्बटूर में मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर एक अंतर संवाद सत्र का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश में निवेश, नवाचार और सतत् विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार के दृष्टिकोण और नवाचारों की जानकारी देंगे।

यह आयोजन निवेशकों को प्रमुख हितधारकों के साथ चर्चा करने और उद्योग जगत की हस्तियों के साथ नेटवर्क बनाने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री और उद्योगपतियों की वन–टू–वन बैठकें भी होंगी। साथ ही राज्य की एक–जिला–एक–उत्पाद (ओडीओपी) योजना की जानकारी भी दी जाएगी। इसका उद्देश्य मध्यप्रदेश के कुशल कार्यबल, प्रचुर संसाधनों और अनुकूल औद्योगिक वातावरण से देश के प्रमुख उद्योगपतियों को रूबरू करवाकर प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देना है।

बारिश/मौसम

लगातार और भरपूर बारिश से प्रदेश में नदियों, बांध और तालाबों का जल स्तर बढ़ गया है। इंदिरा सागर, तिगरा, तवा, बरगी जैसे बड़े बांधों में 3 से 6 फीट तक पानी बढ़ गया है। बैतूल के सतपुड़ा, मंडला में नैनपुर के थावर और श्योपुर के बाँध के गेट खोलना पड़े हैं।

मौसम विभाग ने आज भी इंदौर, ग्वालियर, चंबल संभाग समेत प्रदेश के 20 जिलों में तेज बारिश होने का अलर्ट है। भोपाल में कल रात से बारिश हो रही है। छतरपुर जिले की सीमा से लगी हुई दशान नदी में बाढ़ आने से घुवारा तहसील क्षेत्र में एक टापू पर फंस गए 40 से 50 चरवाहों को सुरक्षित निकाल लिया गया। वहीं, बालाघाट जिले में वेनगंगा–धनाई नदी के संगम पर बने मंदिर में फंसे पुजारी को सुरक्षित निकाला गया।

टूर ऑपरेटर्स सम्मेलन

इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स का 39वां वार्षिक सम्मेलन भोपाल में आयोजित होगा। होटल ताज लेकफ्रंट में 30 अगस्त से 2 सितंबर तक चलने वाले सम्मेलन का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी नई दिल्ली में आयोजित हुए इस कार्यक्रम के कर्टन रेजर समारोह में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग शिव शेखर शुक्ला द्वारा दी गई। सम्मेलन में देश भर के 1000 से ज्यादा टूर ऑपरेटर, ट्रेवल एजेंट्स, होटल उद्योग के प्रतिनिधियों सहित पर्यटन क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक सुश्री बिदिशा मुखर्जी ने बताया कि, सम्मेलन के दौरान विभिन्न टूर संचालित किये जाएंगे। साथ ही 1 सितंबर को वन विहार में 'रन फॉर रिस्पॉन्बिल टूरिज्म' आयोजित की जाएगी।

मानसून रिगाटा

हैदराबाद में 14 से 20 जुलाई के मध्य 15वीं याटिंग एसोसिएशन इंडिया–याई मानसून रिगाटा का आयोजन किया गया। इस चैम्पियनशिप में अकादमी के खिलाडियों ने 3 स्वर्ण, 4 रजत, 2 कॉस्य सहित 9 पदकों के साथ 3 चैम्पियन ट्रॉफी भी जीती। मानसून रिगाटा में देश भर से 147 खिलाडी शामिल हुए।

मप्र पर्यटक

प्रदेश में 2023 में कुल 112 मिलियन से अधिक पर्यटक आए, जबकि 2022 में यह संख्या करीब 34 मिलियन थी। प्रदेश में गहन आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन अनुभव भी तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। प्रदेश में 12 राष्ट्रीय उद्यान, 25 अभयारण्य, 7 बाघ अभयारण्य और दर्जन भर यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं।

महिला एशिया कप

महिला एशिया कप क्रिकेट में भारत ने अपने अंतिम ग्रुप मैच में नेपाल को 82 रन से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। श्रीलंका के दांबुला में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत ने 178 रन बनाए। 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नेपाल की टीम 20 ओवर में केवल 96 रन ही बना सकी। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने तीन विकेट लिये, जबकि राधा यादव और अरुंधति रेड्डी ने दो–दो विकेट लिए।

समाचार संक्षेप में .....

- प्रदेश में नर्सरी, केजी और पहली क्लास में एडमिशन के लिए तय बच्चों की आयु सीमा में छूट बढ़ा दी गई है। अब बच्चों की आयु की गणना 1 अप्रैल के स्थान पर 31 जुलाई कर दी गई है। जबकि कक्षा 1 में प्रवेश के लिए बच्चों की आयु की गणना की तिथि 30 सितंबर कर दी गई है।
- सावन माह में प्रत्येक लाड़ली बहन के खाते में आने वाली एक तारीख को 250 रुपए अंतरित किए जाएंगे, यह राशि प्रतिमाह जारी होने वाली 1250 रुपए की राशि के अतिरिक्त होगी।
- डिंडोरी में आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय में आम जनता की आवेदन लिखने की शाखा खोली गई है।
- मंदसौर में राजस्व महाअभियान के तहत आज कई स्थानों पर शिविर आयोजित किये जाएगें।
- आगरमालवा में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर छह विभाग प्रमुखों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।
- सतना में जन सुनवाई में कलेक्टर अनुराग वर्मा ने जिले के विभिन्न अंचलो से अपनी समस्याओं का आवेदन लेकर आये 91 आवेदकों की समस्याएं सुनी।
- सीहोर जिले के अमर शहीद कुंवर चैन सिंह की शहादत दिवस पर आज सुबह 11 बजे पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा।
- धार जिले में 60 वी पश्चिमी जोन, अंतर जिला/अन्तर्वाहिनी पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ डीआरपी लाईन खेल परिसर में पुलिस उपमहानिरीक्षक इन्दौर (ग्रामीण) रेंज निमिष अग्रवाल द्वारा किया गया।
- भोपाल में कल दोपहर 12 बजे से रविन्द्र भवन के अंजनी सभागार में इंटर कॉलेज/यूनिवर्सिटी बैण्ड कॉम्पीटिशन आयोजित किया जा रहा है। श्रेष्ठ बैण्ड का 4 अगस्त को सम्मान किया जायेगा।
- संस्कृति मंत्रालय प्रसिद्ध सिने गायक मुकेश की 100वीं जयंती के अवसर पर उनके सम्मान में आज एक स्मारक डाक टिकट जारी करेगा।

...................................